कार्यालय, प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय
गो0 ब0 पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर

पत्रांकः प्र0अ0भ0क्र0 / 2019–20 / 1081 दिनांक– 11 जनवरी, 2020

समस्त अधिष्ठाता / निदेशक / विभागाध्यक्ष (वाह्य शोध इकाईयों सहित)

अवगत कराना है कि सह निदेशक, प्रशासन एवं अनुश्रवण के प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त स्वीकृति (संख्या वी.सी. / 2791 दिनांक 27.11.2019) के अनुसार अधिप्राप्ति प्रक्रिया की विसंगतियों / खामियों को रोकने एवं वर्तमान उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली के प्राविधानों को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय में **दैनिक कार्यालयी उपभोग की वस्तुओं** की दर अनुबन्ध / केन्द्रीयकृत आधार पर अधिप्राप्ति भण्डार क्रय कार्यालय के माध्यम से की जानी है।

अतः उक्त सामग्रियों की दर अनुबन्ध प्रक्रिया पूर्ण होने तक विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाताओं / निदेशकों / विभागाध्यक्षों / कार्यालयाध्यक्षों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने महाविद्यालय / विभाग / निदेशालय / कार्यालय की **दैनिक कार्यालयी उपभोग की वस्तुओं** की त्रैमासिक आधार पर आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम प्राधिकारी से वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त सन्दर्भित सामग्रियों की अप्रैल–मई माह में प्रस्तावित अधिप्राप्ति हेतु प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को दिनांक 31.03.2020 तक प्रेषित करने का कष्ट करें। इस तिथि के पश्चात आने वाले प्रस्तावों को अगली त्रैमासिक अधिप्राप्ति में ही सम्मिलित किया जा सकेगा।

Salyan
11.1.2020
प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय

प्रतिलिपिः–

1. निदेशक, प्रशासन एवं अनुश्रवण।
2. संस्थापनाधिकारी।
3. वित्त नियन्त्रक।
4. कुलपति जी के विशेष कार्याधिकारी को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।